तापमान
अधिकतम 33 .3°c
न्यूनतम 24 .0°c

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

11 एशियन गेम्स में गोल्ड जीतने वाली बेटियों को उपायुक्त ने...



11 हेम देव और अंशुल पुजारी ने अगले दौर में बनाई जगह



नहर में मिले थे संदीप-कविता के शव, परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

लिव इन कपल की हत्या में हसनगढ़ के दो लोग गिरफ्तार

30 लाख रुपये की रकम और अन्य लेनदेन भी जांच के घेरे में, दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हसनगढ़ के संदीप और उसकी लिव-इन पार्टनर कविता की हत्या के मामले में सांपला पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हसनगढ़ निवासी नितेश उर्फ मेंडीस पुत्र सुभाष चंद्र और नितेश उर्फ बच्चा पुत्र शिव नारायण को गिरफ्तार किया है। दोनों पर संदीप और कविता की हत्या कर शव नहर में फेंकने का आरोप है। पुलिस अब दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लेगी। पुलिस के अनुसार मामले की जांच के दौरान सामने आए तथ्यों और परिजनों की शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई। गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि दोनों की हत्या किस स्थान पर और किस परिस्थिति में की गई तथा वारदात को अंजाम देने के बाद शवों को नहर तक कैसे पहुंचाया गया।





जमीन बेचकर मिली थी 30 लाख से अधिक रकम

मामले में पैसों के लेनदेन को भी अहम कड़ी माना जा रहा है। परिजनों के अनुसार संदीप ने जसौर खेड़ी गांव स्थित अपनी जमीन बेची थी और उसे करीब 30 लाख रुपये से अधिक की रकम मिली थी। पुलिस इस रकम से जुड़े बैंक लेनदेन और संदीप के अन्य आर्थिक मामलों की जानकारी जुटा रही है। जांच में यह भी देखा जा रहा है कि आरोपियों और संदीप के बीच किसी तरह का आर्थिक लेनदेन था या नहीं।

26 सितंबर को हसनगढ़ आए थे संदीप व कविता

संदीप और कविता करीब आठ महीने से साथ रह रहे थे। दोनों कुछ समय से दिल्ली के नेब सराय में रह रहे थे। 26 सितंबर को दोनों कार से हसनगढ़ आए थे। इसके बाद 30 सितंबर को संदीप की अपनी मां से फोन पर बातचीत हुई थी। उसने उस समय अपने साथ नितेश उर्फ मेंडीस और नितेश उर्फ बच्चा के होने की जानकारी दी थी। इसके बाद संदीप का मोबाइल बंद हो गया और दोनों से संपर्क नहीं हो पाया।



आसौदा के पास मिले थे दोनों के शव

कई दिन तक कोई जानकारी नहीं मिलने पर परिजन उनकी तलाश में जुटे रहे। रविवार को आसौदा के पास नहर में एक युवक और महिला के शव मिलने की सूचना पर संदीप के परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों की पहचान के लिए फोटो दिखाए, जिसके बाद संदीप के भाई राकेश ने दोनों की पहचान संदीप और कविता के रूप में की।

कार और मोबाइल की भी तलाश

पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ के जरिए संदीप की कार, मोबाइल फोन और वारदात से जुड़े अन्य साक्ष्य जुटाने का प्रयास करेगी। इसके साथ ही दोनों की आखिरी लोकेशन, घटनास्थल, नहर तक पहुंचने के रास्ते और संपर्क में रहे लोगों की जानकारी भी जांची जा रही है। डीएसपी सांपला राकेश मलिक के अनुसार मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा और पुलिस रिमांड की मांग की जाएगी। रिमांड के दौरान हत्या के कारण, वारदात में अन्य किसी व्यक्ति की भूमिका और शवों को नहर में फेंकने से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटाई जाएगी। पुलिस का कहना है कि पूछताछ और जांच पूरी होने के बाद ही पूरे घटनाक्रम की तस्वीर स्पष्ट होगी।

शहर में आज

- मस्तनाथ मठ में महंत चांदनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम सुबह 10 बजे
- सेवा ज्योति कलश यात्रा माडयूल के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम सुबह 9 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे

खबर संक्षेप

कबीर कॉलोनी हत्याकांड में एक आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। कबीर कॉलोनी में रिहान उर्फ कालू की हत्या के मामले में पुलिस ने वारदात की गुत्थी सुलझाने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना शहर पुलिस ने मामले में कबीर कॉलोनी निवासी आरीफ पुत्र सलीम को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जबकि मामले में पुलिस की जांच अभी जारी है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार 4 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि कबीर कॉलोनी निवासी कालू को लड़ाई-झगड़े के दौरान चोट लगी है और उसे उपचार के लिए पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है। पुलिस टीम अस्पताल पहुंची, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। मामले की जांच पीएसआई संदीप द्वारा की जा रही थी। पुलिस ने घटनाक्रम से जुड़े तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों को खंगाला। जांच के दौरान 5 अक्टूबर को पुलिस ने आरीफ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी की वारदात में भूमिका सामने आई है और उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त हथियार बरामद किया गया है।

पीजीआई में फिर गिरा छत से प्लास्टर महिला मरीज के हाथ में आया फ्रैक्चर

पिछले 22 दिन में दूसरी घटना



रोहतक। पीजीआईएमएस रोहतक के वार्ड-4 में उपचाराधीन महिला के ऊपर रात के समय छत के लेंटर से प्लास्टर का हिस्सा टूटकर गिर गया। इस हादसे में महिला के हाथ में फ्रैक्चर हो गया और शरीर पर कई जगह मामली चोटें आई हैं। परिजनों ने बताया कि उन्होंने महिला को तीन अक्टूबर को उपचार के लिए पीजीआई के वार्ड-4 में भर्ती कराया गया था। रात में वह अपने बेड पर लेटी थी, तभी यह हादसा हो गया। परिजनों ने कहा कि वे बेहतर इलाज की उम्मीद में महिला को पीजीआई लेकर आए थे, लेकिन यहां के हालात बेहद गंभीर हैं। जान जोखिम में डालकर इलाज करवाना पड़ रहा है। यदि यह मलबा सिर पर गिर जाता तो स्थिति गंभीर हो सकती थी।

लगातार सामने आ रहे ऐसे मामले

इससे पहले 14 सितंबर को गायनी वार्ड-2 में भी छत से लेंटर और प्लास्टर का हिस्सा टूटकर बेड पर गिरा था। उस समय बेड पर कोई मरीज मौजूद नहीं था। करीब आठ माह पहले भी वार्ड-3 में मरीज के सिर पर छत का लेंटर गिर गया था। मरीज को सिर में टांके तक लगाने पड़े थे। एक साल में ऐसे चार मामले सामने आए हैं।

पुरानी इमारत की जांच हो

मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में जगह-जगह छत और प्लास्टर की जांच की जाए और समय रहते इसकी मरम्मत करवाई जाए। अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो।

दिल्ली बाइपास से मेडिकल मोड़ तक बिछाई जा रही नई पाइपलाइन

आधा दर्जन कॉलोनियों को गंदे पानी से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए दिल्ली बाईपास से मेडिकल मोड़ तक नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। नई पाइपलाइन बिछने के बाद सेक्टर-14, देव कॉलोनी, तिलक नगर, मॉडल टाउन, आदर्श नगर समेत एमडीयू क्षेत्र की 10 हजार से ज्यादा आबादी को इसका लाभ मिलने की उम्मीद है।

लंबे समय से इस्तेमाल हो रही दशकों पुरानी पाइपलाइन से जुड़े कनेक्शनों को अब नई पाइपलाइन से जोड़ा जाएगा। इससे लोगों को बेहतर और नियमित पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। फिलहाल दिल्ली बाईपास से मेडिकल मोड़ के बीच नई पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। पाइपलाइन को सड़क किनारे निर्धारित स्थानों पर बिछाया जा रहा है। काम पूरा होने के बाद पुरानी लाइन से जुड़े पेयजल कनेक्शनों को चरणबद्ध तरीके से नई पाइपलाइन पर स्थानांतरित किया जाएगा। इससे पुरानी और जर्जर हो चुकी पाइपलाइन पर निर्भरता कम होगी।



दशकों पुरानी लाइन से बनी हुई है समस्या

शहर के इस हिस्से में बिछी पुरानी पाइपलाइन काफी समय से इस्तेमाल में है। समय के साथ पाइपलाइन की क्षमता और स्थिति प्रभावित होने के कारण कई जगहों पर पेयजल आपूर्ति से संबंधित दिक्कतें सामने आती रही हैं। कहीं कम दबाव से पानी पहुंचता है तो कहीं लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाता। नई पाइपलाइन बिछने के बाद इन समस्याओं में कमी आने की उम्मीद है।

कई प्रमुख क्षेत्रों को मिलेगा सीधा लाभ

नई पाइपलाइन से सेक्टर-14 और आसपास की रिहायशी कॉलोनियों के अलावा देव कॉलोनी, तिलक नगर, मॉडल टाउन और आदर्श नगर के लोगों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय क्षेत्र में भी पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में परिवारों के साथ विद्यार्थी, कर्मचारी और अन्य लोग रहते हैं। ऐसे में नई पाइपलाइन से बड़ी आबादी को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है।

कनेक्शन नई लाइन पर होंगे स्थानांतरित

नई पाइपलाइन बिछाने के बाद पुरानी पाइपलाइन से जुड़े कनेक्शनों को नई लाइन से जोड़ा जाएगा। विभाग की ओर से पहले पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा किया जाएगा और इसके बाद कनेक्शन स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू होगी। नई व्यवस्था लागू होने के बाद पुरानी पाइपलाइन पर निर्भरता कम होने के साथ पेयजल आपूर्ति नेटवर्क भी मजबूत होगा। अधिकारियों का कहना है कि परियोजना का उद्देश्य इस क्षेत्र में बढ़ती आबादी और पेयजल की जरूरत के अनुसार आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाना है।

राजमहल सरीखा दिखने लगा रोहतक स्टेशन, 26 जनवरी को होगा भव्य उद्घाटन



रोहतक। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करीब 29 करोड़ रुपये की लागत से रोहतक रेलवे स्टेशन का नवीकरण किया जा रहा है। उत्तर रेलवे के गति शक्ति विभाग ने स्टेशन को राजमहल सरीखा स्वरूप देने के लिए विशेष डिजाइन तैयार किया है। नए भवन का उद्घाटन 26 जनवरी को किए जाने की तैयारी है। मुख्य भवन के करीब 120 फीट हिस्से में फसाड लाइटिंग के साथ जीआरसी डिजाइन लगाया जा रहा है। प्रवेश द्वार के दाईं ओर 62 मीटर और बाईं ओर 64 मीटर हिस्से में यह काम हो रहा है। गुरुग्राम की एजेंसी जीआरसी डिजाइन तैयार कर रही है और सामग्री भी वहीं से आ रही है। सफेद सीमेंट, मार्बल दाना, ग्लास फाइबर व विशेष रसायनों से आकृतियां बनाई जा रही हैं। काम अप्रैल तक पूरा होने की उम्मीद है। स्टेशन का 80 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। अब विद्युत, रंग-रोगन और फिनिशिंग का काम जारी है।

मैना पर्यटन केंद्र के 10 कमरे चमकेंगे, हाईटेक होगी रसोई

- *1.30 करोड़ खर्च करेगी सरकार, 6 माह में पूरा होगा कार्य*
- *टेंडर प्रक्रिया पूरी लेकिन अभी काम नहीं हुआ अलॉट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मैना पर्यटक केंद्र के 10 कमरों को नए सिरे से तैयार किया जाएगा। पर्यटन विभाग ने कमरों के नवीनीकरण, बिजली संबंधी काम, साज-सज्जा और रसोई के उन्नयन के लिए 1.40 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया था।

निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद करीब 1.30 करोड़ रुपये की वित्तीय बोली सामने आई है। टेंडर अलॉट हो चुके हैं, लेकिन संबंधित फर्म को अभी काम अलॉट किया जाना बाकी है। काम अलॉट होने के बाद छह महीने में इसे पूरा करना होगा। नवीनीकरण के दायरे में मैना परिसर के कमरे नंबर 101 से 110 तक शामिल हैं।

टेंडर की शर्तों के अनुसार इन कमरों में जरूरी मरम्मत के साथ बिजली व्यवस्था से जुड़े काम किए जाएंगे। कमरों की साज-सज्जा में भी बदलाव किया जाएगा, ताकि पर्यटकों के ठहरने के लिए सुविधाओं को बेहतर किया जा सके। कमरे के मौजूदा ढांचे और उपयोगिता के अनुसार जरूरी निर्माण एवं मरम्मत कार्य भी इसी परियोजना का हिस्सा हैं।

बिजली व्यवस्था में भी किया जाएगा सुधार

परिसर की रसोई को भी उन्नत किया जाएगा। रसोई से संबंधित जरूरी सुधार और सुविधाओं को टेंडर की शर्तों के अनुसार विकसित किया जाएगा। इसके साथ बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने और कमरों में आवश्यक विद्युत कार्य किए जाएंगे। यानी परियोजना केवल कमरों की रंगाई-पुताई तक सीमित नहीं है, बल्कि कमरों के उपयोग, बिजली व्यवस्था, साज-सज्जा और रसोई की सुविधाओं में सुधार किया जाना है।पर्यटन विभाग की इस परियोजना से मैना पर्यटक परिसर की पुरानी आवासीय सुविधा को नए रूप में तैयार करने की योजना है। 10 कमरों के नवीनीकरण के बाद परिसर में ठहरने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

निर्धारित अवधि में पूरे करने होंगे काम

टेंडर में निर्धारित अवधि के अनुसार काम शुरू होने के छह महीने के भीतर निर्माण और नवीनीकरण संबंधी सभी कार्य पूरे करने होंगे। पर्यटक परिसर में पर्यटन विभाग की पुरानी संपत्तियों में शामिल है। परिसर के रखरखाव और सुविधाओं में सुधार के लिए अब 10 कमरों को एक साथ नवीनीकरण के दायरे में लिया गया है। 1.40 करोड़ रुपये के अनुमानित टेंडर के मुकाबले करीब 1.30 करोड़ रुपये की वित्तीय बोली सामने आने के बाद निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब काम अलॉट होने के बाद निर्धारित छह महीने की अवधि में एजेंसी को परियोजना पूरी करनी होगी।

44 विभागों, बोर्डों व निगमों की 545 से अधिक सेवाओं व योजनाओं के लिए है पोर्टल

सरल पांच दिन से खा रहा हिचकोले, ऑनलाइन काम हुए कठिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा सरकार का सरल पोर्टल पिछले करीब पांच दिन से ठीक तरीके से काम नहीं कर रहा है। कभी साइट खुलने में परेशानी आ रही है तो कभी आवेदन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ रही। इसके कारण सरकारी सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरल पोर्टल के जरिए प्रदेश के 44 विभागों, बोर्डों और निगमों की 545 से अधिक सेवाओं और योजनाओं के लिए आवेदन व उनका स्टेटस देखा जा सकता है। सरल पोर्टल के माध्यम से सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली सेवाओं में विभिन्न प्रकार के प्रमाणपत्र बनवाने से संबंधित आवेदन शामिल हैं। इनमें आय प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र, ग्रामीण क्षेत्र प्रमाणपत्र और अन्य राजस्व संबंधी प्रमाणपत्र शामिल हैं।


एआई जेनरेटेड

राजस्व सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा

इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी कई योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी सरल पोर्टल महत्वपूर्ण है। इसमें निराश्रित बच्चों को आर्थिक सहायता, लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता, बीपीएल परिवारों के लिए राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना, कश्मीरी विस्थापितों को वित्तीय सहायता तथा स्कूल नहीं जाने वाले दिव्यांग बच्चों के लिए आर्थिक सहायता जैसी योजनाएं शामिल हैं। शिक्षा से जुड़ी सेवाओं में बोर्ड से संबंधित प्रमाणपत्र और दस्तावेजों के लिए आवेदन भी सरल व्यवस्था से जुड़े हैं। विवाह पंजीकरण तथा ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र और अन्य राजस्व सेवाओं के लिए भी ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध है।

आवेदकों की बढ़ी परेशानी

सरकारी अधिसूचित सेवाओं की सूची में इन सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था दी गई है। सरकार के अनुसार पोर्टल को फेसलेस, पेपरलेस और कैशलेस सरकारी सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। ऐसे में साइट के लगातार पांच दिन तक बाधित रहने से प्रमाणपत्र, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और अन्य सरकारी सेवाओं के लिए आवेदन करने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है। खासकर जिन आवेदनों की समय सीमा नजदीक है, उनके लिए पोर्टल की तकनीकी समस्या चिंता का कारण बन सकती है।

खबर संक्षेप

सेवा ज्योति कलश यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

रोहतक। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव केएम पांडुरंग ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्तों के साथ सेवा ज्योति कलश यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा एवं संकल्प के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 अक्तूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न मॉड्यूल में गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सेवा ज्योति कलश यात्रा भी इसी अभियान का हिस्सा है। उपायुक्त सतबीर सिंह ने जिले में किए गए प्रबंधों की जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, नगराधीश शुभम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल और जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजीव सैनी मौजूद रहे।

जैव संकेतकों से पर्यावरणीय बदलावों की निगरानी जरूरी

रोहतक। वन्यजीव सप्ताह के तहत महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग की ओर से मंगलवार को 'जैव संकेतकों द्वारा जैव विविधता, पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य एवं जलवायु परिवर्तन की निगरानी' विषय पर ऑनलाइन विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी शर्मा ने की। मुख्य वक्ता वी.पी. उनियाल ने कहा कि प्राकृतिक पर्यावरण में होने वाले बदलावों को समझने और उनकी निगरानी में जैव संकेतकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जैव विविधता संरक्षण, पारिस्थितिकीय अनुसंधान और पर्यावरणीय बदलावों की निरंतर निगरानी को समय की आवश्यकता बताया। प्रो. सुदेश रानी ने पारिस्थितिकी एवं जैव विविधता के क्षेत्र में उनके शैक्षणिक एवं शोध योगदान की जानकारी दी। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने जैव विविधता के आकलनसे जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझा।

सेवा संकल्प अभियानः कार्यकर्ताओं को घर-घर पहुंचने का मंत्र

- मनीष ग्रोवर बोले- मोदी की 25 साल की सार्वजनिक सेवा यात्रा को जनता तक पहुंचाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सार्वजनिक सेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा ने एक माह तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को रोहतक विधानसभा के डॉ. मंगल सेन मंडल और महाराजा शूरसेन मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। पूर्व सहकारिता मंत्री एवं भाजपा नेता मनीष कुमार ग्रोवर ने कार्यकर्ताओं से अभियान के कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक ले जाने और प्रधानमंत्री की सेवा यात्रा तथा केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। ग्रोवर ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उनके अनुसार प्रधानमंत्री मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा देश के लिए समर्पण, सेवा और सुशासन की मिसाल है। उन्होंने दावा किया कि मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और आत्मविश्वास के नए दौर में प्रवेश किया है। वहीं, बुधवार को राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पुनियां भी शहीद मदनलाल ढींगरा कम्युनिटी सेंक्टर में पहुंचेगे।



रोहतक। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते भाजपा नेता मनीष कुमार ग्रोवर।

इन नेताओं ने भी रखे विचार

बैठक में भाजपा नेत्री प्रतिभा सुमन, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल और पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान से जुड़े कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आयोजित करने पर जोर दिया। बैठक में मंडल अध्यक्ष रॉकी सहगल, मंडल अध्यक्ष अमित मग्गू, रोहतक मार्केट कमेटी चेयरमैन अशोक चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश भाटिया, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, अशोक खुराना, पवन आहूजा, कुलबीर नरवाल, सुमिता भाटिया, राजीव भानकर, अनिल स्वामी, मनोज मक्कड़, पवन भाटिया सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बूथ कार्यकर्ता को बताया संगठन की ताकत

बैठक में ग्रोवर ने कहा कि भाजपा की ताकत उसका जमीनी संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उनके मुताबिक बूथ स्तर पर कार्यकर्ता लगातार लोगों के संपर्क में रहते हैं, उनकी समस्याएं सुनते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इसी संपर्क को और मजबूत करने की अपील की।

परिवार के इर्द-गिर्द घूम रही कांग्रेस की राजनीति

ग्रोवर ने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति परिवारवाद, नकारात्मकता और आरोपों के इर्द-गिर्द घूम रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भाजपा के संगठन पर सवाल उठाने के बजाय अपनी जमीनी स्थिति पर आत्ममंथन करना चाहिए।

न्यूज डायरी

ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की पालना सुनिश्चित करें



रोहतक। उपायुक्त सतबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ठोस कचरा प्रबंधन के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों और जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों की पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक मात्रा में ठोस कचरा उत्पन्न करने वाले प्रतिष्ठानों व संस्थानों की पहचान 12 अक्तूबर तक पूरी करने तथा नवंबर के प्रथम सप्ताह तक अल्पकालीन अनुपालना रिपोर्ट भेजने को कहा। लघु सचिवालय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि चिन्हित प्रतिष्ठानों व संस्थानों का पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाए। इसके लिए जिला स्तर पर विशेष सेल गठित किया जाएगा, जिसके नोडल अधिकारी नगराधीश होंगे। ठोस कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण, भंडारण और उचित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए ग्राम सभा और वार्ड सभा के साथ पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी अभियान से जोड़ा जाएगा।

सेवा संकल्प अभियान में श्रमिकों को किया जागरूक



रोहतक। स्त्री शक्ति संगठन द्वारा हरियाणा के झज्जर जिले के गांव किरोध स्थित भारत भट्ठे पर 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भट्ठा स्वामिनी गीता द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस दौरान वरिष्ठ सदस्या प्रो. सुषमा जोशी को पगड़ी पहनाकर तथा अध्यक्षा ममता, प्राचार्या सुमन शर्मा, प्रो. पूनम भोला और पी.आर.ओ. पवन गहलोत को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में भट्ठा श्रमिकों व ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार, वस्त्र निर्माण, खाद्य सामग्री उत्पादन और एग्रो-वेस्ट मैनेजमेंट के जरिए आत्मनिर्भर बनने के टिप्स दिए गए। साथ ही, व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर चर्चा करते हुए सैनिटरी नैपकिन के सुरक्षित उपयोग और पर्यावरण-अनुकूल 'मेंस्ट्रुअल कप' के फायदों की जानकारी दी गई। सत्र के दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा से जुड़े कानूनों और उनके अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया गया। डेंटल टीम में डॉ. कल्पना सांगवान, डॉ. अभिषेक और डॉ. संदीप शामिल रहे। जांच में करीब 80 प्रतिशत बुजुर्गों में ओरल हाइजीन खराब मिली और उन्हें स्केलिंग की आवश्यकता बताई गई। वहीं करीब 50 प्रतिशत बुजुर्गों को दांतों में मसाला भरवाने या दांत निकलवाने की जरूरत मिली। आवश्यक दंत उपचार मोबाइल डेंटल वैन में ही किया गया। लाभार्थियों को दांतों की नियमित सफाई और अच्छी ओरल हाइजीन के महत्व के बारे में बताया गया। उन्हें सही तरीके से ब्रश करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। इंटर्न टीम के मंदीप, मानसी, निश्चय और इशिता ने डेंटल टीम का सहयोग किया।

सेवा सेतू शिविर में दी जाएगी योजनाओं की जानकारी



रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत पात्र व्यक्तियों को घर-द्वार के नजदीक जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ देने के लिए 15 अक्तूबर तक सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में 6 अक्तूबर को सांपला नगर पालिका क्षेत्र के नागरिकों के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में शिविर लगाया गया। विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर पात्र लोगों का पंजीकरण किया और कुछ को मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिया। 7 अक्तूबर को सांपला खंड के गांवों के लिए इसी कार्यालय में शिविर लगेगा। 8 अक्तूबर को इस्माइला-9बी के शिव मंदिर के साथ वाली चौपाल और 9 अक्तूबर को खरावड़ की चौपाल में शिविर आयोजित होगा।

आज होगा सेवा ज्योति कलश यात्रा समारोह



रोहतक। उपायुक्त सतबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा एवं संकल्प के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्तूबर को जिला स्तरीय सेवा ज्योति कलश यात्रा समारोह आयोजित होगा। समारोह सुबह 9 बजे शहीद मदनलाल धींगड़ा सामुदायिक केंद्र परिसर में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन वर्चुअली संदेश देंगे, जबकि राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनिया मुख्यातिथि के तौर पर शामिल होंगे। उपायुक्त ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपीं। बैठक के बाद उपायुक्त ने अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, पार्षद प्रतिनिधि दीपू नागपाल सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ समारोह स्थल का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा समारोह स्थल की सफाई, पंडाल और मुख्य चौक के सौंदर्यीकरण की व्यवस्था की जाएगी। जनस्वास्थ्य विभाग पेयजल तथा बिजली निगम निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। पुलिस पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी, जबकि परिवहन विभाग नागरिकों के लिए बसों की व्यवस्था करेगा। स्वास्थ्य विभाग समारोह स्थल और कलश यात्रा के साथ डॉक्टरों की टीम सहित एक-एक एंबुलेंस तैनात करेगा। शिक्षा विभाग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की टीमें तैयार करेगा। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत और समापन राष्ट्रगान से होगा। समारोह के बाद कलश यात्रा वाहन के माध्यम से सुभाष चौक होते हुए जींद रोड स्थित किसान चौक पहुंचेगी, जहां मशाल स्थापित की जाएगी। यात्रा जिले के हर खंड से होकर गुजरेगी।

कल आंबेडकर चौक पर होगा विशाल प्रदर्शन



रोहतक। इंडिया ब्लॉक की संयुक्त बैठक मंगलवार को कांग्रेस भवन, रोहतक में आयोजित की गई। बैठक में 8 अक्टूबर को सुबह 11 बजे आंबेडकर चौक पर आयोजित होने वाले विशाल प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस के शहरी प्रधान कुलदीप सिंह, ग्रामीण प्रधान बलवान रंगा, रोहतक ब्लॉक प्रधान मोहित खन्ना, मोनू शर्मा, रोबिन सचदेवा, संजय दलाल, बलजीत राणा, सीपीआईएम जिला सचिव कामरेड सतवीर सिंह, सचिव मंडल सदस्य जगमती सांगवान एवं विनोद कुमार सहित इंडिया ब्लॉक के विभिन्न नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इंडिया ब्लॉक की प्रमुख मांगों में ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने, उनके खिलाफ महाभियोग चलाने, एसआईआर को रद्द करने, काटे गए 13 करोड़ वोटों को पुनः जोड़ने, चुनावी अनियमितताओं की जांच कराने, लोकतंत्र पर हो रहे हमलों को रोकने तथा पुलिस दमन पर तत्काल रोक लगाने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। प्रदर्शन को संबोधित करने वाले प्रमुख वक्ताओं में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान तथा सीपीआईएम के वरिष्ठ नेता कामरेड इंद्रजीत सिंह, राज्य सचिव मंडल सदस्य सहित इंडिया ब्लॉक के अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

मंत्री ने सांपला मंडी का दौरा कर धान की खरीद व्यवस्था का किया निरीक्षण

मंडी में किसानों का एक भी दाना खरीद से वंचित नहीं रहेगा: अरविंद

खरीद के साथ सुचारू हो उठान प्रक्रिया : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सहकारिता, कारागार एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने मंगलवार को सांपला की नई अनाज मंडी का दौरा कर धान की खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मंडी में धान की ढेरियों का निरीक्षण किया और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। अधिकारियों से खरीद, उठान और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने किसानों को किसी स्तर पर परेशानी नहीं होने देने के निर्देश दिए। डॉ. शर्मा ने कहा कि मंडी में आने वाले प्रत्येक किसान की फसल की नियमानुसार खरीद सुनिश्चित की जाए। खरीद के साथ उठान व्यवस्था भी सुचारू रखी जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। उन्होंने कहा कि किसानों का एक भी दाना खरीद से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। सरकार की प्राथमिकता है कि किसान को अपनी उपज बेचने में किसी तरह की दिक्कत न हो।



रोहतक। धान की ढेरियों का निरीक्षण करते सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, पर्यटन एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

भूपेंद्र और दीपेंद्र हुड्डा पर साधा निशाना

पूर्व मंत्री ग्रोवर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र हुड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि अब हुड्डा पिता-पुत्र को गढ़ी सांपला-किलोई की जनता की याद आने लगी है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय ही कांग्रेस नेताओं को क्षेत्र की जनता याद आती रही है। इस दौरान एसडीएम अंकिता पुवार, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, मार्केट कमेटी चेयरमैन उदयभान मलिक आदि मौजूद रहे

फसल खरीद की दिक्कतें दूर करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

किसान सभा ने मंगलवार को सांपला अनाज मंडी का दौरा कर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मार्केट कमेटी कार्यालय में एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान सभा के प्रतिनिधियों ने खरीद प्रक्रिया और पोर्टल से जुड़ी दिक्कतों से एसडीएम को अवगत कराया। एसडीएम ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। किसान सभा के जिला प्रधान सुनील मलिक ने बताया कि मंडियों में फसल बिक्री के दौरान किसानों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा और पंजीकरण के आंकड़ों का मिलान नहीं होने से कई किसान परेशान हैं।





पूर्व मंत्री हुड्डा ने बाजरा और धान खरीद की ली जानकारी

पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा ने मंगलवार को नई अनाज मंडी का दौरा कर किसानों से धान और बाजरे की सरकारी खरीद की जानकारी ली। उन्होंने मार्केट कमेटी के सचिव से फोन पर बात की और वेयरहाउस प्रबंधक से भी किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की। किसानों ने कहा कि सरकार के स्तर पर कोई शिकायत नहीं है, लेकिन स्थानीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली से परेशानी हो रही है। ब्राह्मणवास के किसान सुरेश ने बताया कि बाजरे का ऑनलाइन पंजीकरण होने के बावजूद पटवारी तसदीक नहीं कर रहे हैं। इससे वह कई दिनों से बाजरा लेकर मंडी में परेशान हो रहे हैं।

रंश किआ ने केरेंस और क्लेविस के सीएनजी संस्करण किए लॉन्च

रोहतक। रंश किआ की ओर से किआ की लोकप्रिय और बहुप्रतीक्षित केरेंस तथा क्लेविस के कंपनी द्वारा लगाए गए सीएनजी किट वाले संस्करणों को भव्य समारोह में पेश किया गया।



इन नए वाहनों में बेहतर ईंधन किफायत, सुरक्षा और आराम का विशेष ध्यान रखा गया है। कंपनी के अनुसार, केरेंस और क्लेविस के सीएनजी संस्करणों में 12 किलोग्राम क्षमता वाला सिलेंडर दिया गया है। इसमें 60 लीटर पानी की क्षमता बताई गई है। कंपनी ने सीएनजी श्रेणी में चार अलग-अलग मॉडल पेश किए हैं। इन वाहनों की शुरुआती कीमत 12 लाख 11 हजार 800 रुपये रखी गई है। कंपनी द्वारा लगाए गए सीएनजी संयंत्र के कारण वाहन में सुरक्षा और बेहतर ईंधन औसत का संतुलन बनाए रखने का दावा कियाहै। साथ ही यात्रियों के आराम को भी ध्यान में रखा गया है। वाहनों के शुभारंभ के अवसर पर रंश किआ के प्रबंध निदेशक राजिंदर बंसल, रोहित बंसल और प्रीति बंसल मौजूद रहे। एसबीआई की टीम से क्लस्टर प्रमुख सिमरनजीत सिंह, शाखा प्रबंधक विपिन कुमार और बिक्री प्रबंधक नितिन भी शामिल हुए। इसके अलावा दुआ टूर एंड ट्रेवल्स से प्रवीण, मुकेश, अनिल सिंह और हेमंत शर्मा तथा रंश किआ के महाप्रबंधक (बिक्री) देवेंद्र राव, लेखा प्रमुख मुकेश खत्री, बिक्री प्रबंधक मंजीत ग्रेवाल आदि मौजूद रहे।

एकेडमिक लीडरशिप के लिए छात्रों में नवाचार और रणनीतिक सोच होना जरूरी : विशेषज्ञ

रोहतक। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के एफडीसी, एमएमटीटीसी की ओर से डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फरीदाबाद के सहयोग से आयोजित एक सप्ताह के फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम लीडरशिप कम्पेटेन्सीज फॉर एकेडमिशन्सः एन्हान्सिंग एक्सीलेंस इन हायर एजुकेशन के दूसरे दिन शैक्षणिक नेतृत्व, रणनीतिक योजना, नवाचार और संस्थागत सुशासन पर चार सत्र हुए। एमडीयू के सेवानिवृत प्रोफेसर प्रो. राजकुमार ने शैक्षणिक संस्थानों में नवाचार और उद्यमशील सोच को बढ़ावा देने में नेतृत्व की भूमिका पर चर्चा की। चौ बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी की कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी ने लीडरशिप, विजन एंड स्ट्रेटेजिक प्लानिंग विषय पर कहा कि स्पष्ट विजन, प्रभावी नेतृत्व और रणनीतिक योजना उच्च शिक्षा संस्थानों को उत्कृष्टता की ओर ले जाने के लिए जरूरी हैं। एल्सेवियर के वाइस प्रेसिडेंट प्रो. संदीप संचेती ने बदलते उच्च शिक्षा परिदृश्य में दूरदर्शिता, अनुकूलन क्षमता, प्रभावी निर्णय व रणनीतिक क्रियान्वयन को जरूरी बताया।



किसानों को कीट प्रबंधन की जानकारी दी



रोहतक। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, फरीदाबाद की ओर से खरीफ फसलों में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन और कीटनाशकों के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग को लेकर आयोजित दो दिवसीय अभिरुचि कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ। गांव गुढ़ाण में आयोजित कार्यक्रम में करीब 40 किसानों ने भाग लिया।कार्यक्रम में किसानों को फसलों में एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन की विभिन्न विधियों की जानकारी दी गई। बीजोपचार, खरीफ फसलों और सब्जियों में लगने वाले कीट एवं रोगों की पहचान, उनका प्रबंधन, जैविक नियंत्रण और फेरोमोन ट्रैप के उपयोग के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। किसानों को खेत में ले जाकर कीट और रोगों की पहचान तथा ट्रैप लगाने की प्रक्रिया भी समझाई गई। कार्यक्रम में वनस्पति संरक्षण अधिकारी जमुना नेगी, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी लक्ष्मीकांत, सुरजीत वर्मन और गौरव मौजूद रहे। कृषि विज्ञान केंद्र रोहतक की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मीनाक्षी सांगवान तथा कृषि विभाग के ब्लॉक कृषि अधिकारी डॉ. नरेश कुमार ने किसानों को कृषि संबंधी जानकारी दी।

एसोसिएट प्रोफेसर पूनम भोला की सेवानिवृत्ति पर सजा साहित्यिक मंच



रोहतक। आरडीएस गर्ल्स कॉलेज, रेवाड़ी में अंग्रेजी की एसोसिएट प्रोफेसर पूनम भोला की सेवानिवृत्ति पर साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। गीत, गजल, कविता और रागनी की प्रस्तुतियों ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में हरियाणा साहित्य अकादमी के सूर पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार डॉ. मधुकांत ने प्रो. अंजना गर्ग, प्रो. शामलाल कौशल और कृष्ण लाल 'गिरधर' के साथ प्रज्ञा साहित्यिक मंच की ओर से पूनम भोला को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

मशाल लेकर निकलेंगे भाजपा चिड़ी मंडल के कार्यकर्ता, सेवा ज्योति यात्रा में दिखेगा उत्साह

रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को चिड़ी मंडल के कार्यकर्ता मशाल लेकर शहर की सड़कों पर सेवा ज्योति यात्रा निकालेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। यात्रा में मंडल के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और आमजन के शामिल होने का दावा किया गया है। यात्रा के बाद विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला उपाध्यक्ष एवं चिड़ी मंडल प्रभारी नवीन ढुल ने मंगलवार को रोहतक भाजपा कार्यालय मंगल कमल में मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में जिला कार्यालय प्रभारी बीरसिंह हुड्डा, मंडल अध्यक्ष नवीन शर्मा, जिला सचिव बबिता सोनी, शिवकुमार, मनोज कुमार, नरेश प्रजापत, हैप्पी सैनी, रेखा हुड्डा, कुलदीप घुसकानी, मुकेश पाराशर, दलजीत कौर, अनिल राठी, महताब, राकेश कलसन आदि रहे।



आंगन मिलन सेवा संकल्प दिवस में महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य पर किया जागरूक

महम। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा संकल्प अभियान के तृतीय दिवस का आयोजन सुंदरपुर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा संगीता सिंघला, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा वीणा सिक्का, जिला सचिव बबीता सोनी, रेखा हुड्डा तथा जिला सोशल सह-प्रमुख बॉबी गजराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन एवं मार्गदर्शन सुपरवाइजर रसना दहिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मातृ संवाद के माध्यम से माताओं को बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, वृद्धि एवं विकास के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों के लिए संचालित पूर्व-प्राथमिक शिक्षा एवं खेल आधारित गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों को जानकारी दी गई तथा योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्र की गतिविधियों एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास में किए जा रहे कार्यों को प्रदर्शित किया गया।



हरिओम सेवादल के दो दिवसीय निःशुल्क शिविर में जांचा 62 बुजुर्गों का स्वास्थ्य

रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत हरि ओम सेवा दलमें 5 और 6 अक्टूबर को दो दिवसीय मल्टीडिसिप्लिनरी हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर एलपीएस बोसार्ड मोबाइल डेंटल वैन के सहयोग से लगाया गया। इसका उद्देश्य वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निवारक, प्रोत्साहक और उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क उपलब्ध कराना था। दो दिन में 62 बुजुर्गों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का आयोजन पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. मंजूनाथ बीसी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान हरि ओम सेवा दल के प्रधान अदीश जैन, महासचिव अश्विनी पाहवा, इंचार्ज राजेंद्र शर्मा और इंचार्ज पूनम मिगलानी ने स्वास्थ्य टीम को सहयोग दिया। करीब 50 प्रतिशत बुजुर्गों में घुटनों सहित जोड़ों के दर्द की शिकायत मिली। उन्हें कैल्शियम, विटामिन-डी और दर्द निवारक दवाइयां दी गईं। करीब 30 प्रतिशत बुजुर्गों में उच्च रक्तचाप पाया गया।

सेमिनार

सीडीएस में सेवा संकल्प के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम

कंटेंट क्रिएशन, कंटेंट राइटिंग, ब्लॉगिंग, यूट्यूब समेत अन्य मीडिया-जगत विधाओं की जानकारी दी

डिजिटल मीडिया से दिव्यांग बना सकते हैं करियर: मुखर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जीवन में दिव्यांगता करियर लक्ष्य हासिल करने में कतई बाधक नहीं है। मीडिया, विशेष रूप से डिजिटल मीडिया का सदुपयोग कर करियर बनाने, उद्यमी बनने तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का रोड मैप मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज (सीडीएस) में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक एवं निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने साझा किया। आज सेवा मेरा योगदान थीम पर सुनित मुखर्जी, विश्वविद्यालय की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वाति सिंह तथा प्रो. योगेंद्र सिंह ने सीडीएस के विद्यार्थियों से इंटरेक्ट किया। सुनित मुखर्जी ने विद्यार्थियों को विभिन्न मीडिया प्लेटफार्म के बारे में बताया जिसका उपयोग कर करियर निर्माण का रास्ता प्रशस्त हो सकता है, कंटेंट क्रिएशन, कंटेंट राइटिंग, ब्लॉगिंग, यूट्यूब समेत अन्य मीडिया-जगत विधाओं की अहम जानकारी उन्होंने साझा की। डॉ. स्वाति दलाल, मेडिकल ऑफिसर, एमडीयू हेल्थ सेंटर ने विद्यार्थियों को पोषण, मासिक धर्म चक्र एवं उससे संबंधित जागरूकता, शारीरिक गतिविधियों तथा व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रो. योगेंद्र सिंह, अतिरिक्त निदेशक, सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज एवं प्रोफेसर, विधि विभाग, एमडीयू ने दिव्यांगता अधिनियम, दिव्यांगजनों के अधिकार एवं मानवाधिकार विषय पर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।



रोहतक के क्रिकेटर्स, निधिश, प्रक्षित व देवेन का हरियाणा टीम में चयन

वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए हरियाणा का करेंगे प्रतिनिधित्व

रोहित डागर ▶▶ रोहतक

खेलों की नर्सरी कहे जाने वाले हरियाणा और रोहतक जिले से लगातार उभरती प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपना जलवा बिखेर रही हैं। इसी कड़ी में रोहतक के तीन युवा और प्रतिभावान क्रिकेटर्स निधिश, प्रक्षित और देवेन नांदल का वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए हरियाणा की टीम में चयन हुआ है, जिससे स्थानीय खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है। तीनों खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और शानदार प्रदर्शन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है।

अलग खबर

प्रक्षित ऑलराउंडर बिखेर रहे चमक



रोहतक की वन सिटी, सेक्टर-37 के रहने वाले प्रक्षित एक बेहतरीन ऑलराउंडर के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। क्रिकेट की शुरुआत: प्रक्षित ने वर्ष 2018 में क्रिकेट खेलना शुरू किया था। उन्हें इस खेल में आगे बढ़ने की प्रेरणा उनके मामा मनीष हुड्डा से मिली। प्रमुख उपलब्धियां: प्रक्षित अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय टूर्नामेंट खेल चुके हैं। विजय मर्चेंट ट्रॉफी में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था। इसके अलावा उन्होंने दिल्ली में बुद्धराम टूर्नामेंट समेत कई स्थानीय व अंतर-राज्यीय प्रतियोगिताओं में बेहतरीन पारियां खेली हैं।

देवेन स्पिन गेंदबाजी से छुड़ा रहे छक्के



रोहतक के बोहर गांव के रहने वाले देवेन नांदल ने अपनी शानदार स्पिन गेंदबाजी के दम पर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा है। उनके पिता सुनील नांदल असिस्टेंट लेबर कमिश्नर के पद पर कार्यरत हैं। क्रिकेट सफर: देवेन ने भी वर्ष 2018 से क्रिकेट की मैदान पर पसीना बहाना शुरू किया। कड़े संघर्ष और निरंतर अभ्यास के बल पर उन्होंने आज यह मुकाम हासिल किया है। प्रमुख उपलब्धियां: देवेन नांदल अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी खेल चुके हैं। वे एक कुशल स्पिन गेंदबाज हैं, जिन्होंने डिस्ट्रिक्ट और जोनल लेवल के मुकाबलों में अपनी फिरकी के जादू से कई अहम विकेट झटके हैं।

निधिश विजय मर्चेंट स्पर्धा में प्रदेश की ओर से खेल चुके



निधिश ने बताया कि वह अंडर-16 विजय मर्चेंट प्रतियोगिता में प्रदेश की ओर से खेल चुके हैं। अपने पसंदीदा खिलाड़ी रोहित शर्मा को देखकर 2016 से क्रिकेट खेलना शुरू किया था। पिछले साल हरियाणा के कैंप में नाबाद 311 रन बनाए थे। इसी आधार पर विजय मर्चेंट प्रतियोगिता में चयन हुआ था। 2025 अगस्त में आयोजित इंटर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में सिरसा के खिलाफ 112 रन बनाए।

प्रवीण हुड्डा ने बॉक्सिंग और दीपिका सहरावत ने हॉकी में रचा इतिहास

एशियन गेम्स में गोल्ड जीतने वाली बेटियों को उपायुक्त ने घर जाकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एशियन गेम्स में रोहतक की दो बेटियों ने स्वर्ण पदक जीतकर देश और जिले का नाम रोशन किया है। गांव रूड़की की अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर प्रवीण हुड्डा ने फाइनल मुकाबले में ताइवान की खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, गांव भैंसरू खुर्द की भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी दीपिका सहरावत ने भारतीय टीम के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। दोनों की उपलब्धि पर डीसी ने उनके घर पहुंचकर खिलाड़ियों और परिजनों को बधाई दी। दीपिका सहरावत भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा रहीं। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने चीन को 1-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। टूर्नामेंट के दौरान दीपिका ने महत्वपूर्ण गोल कर टीम की सफलता में योगदान दिया। उनकी उपलब्धि से भैंसरू खुर्द के साथ पूरे जिले में खुशी का माहौल है। गांव रूड़की की प्रवीण हुड्डा ने भी बॉक्सिंग में शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में उन्होंने ताइवान की खिलाड़ी को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रवीण की इस सफलता ने जिले की खेल प्रतिभाओं को एक बार फिर सामने रखा है। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों से उनके गांवों में भी उत्साह है। डीसी सतबीर सिंह ने दोनों खिलाड़ियों के घर पहुंचकर जिला प्रशासन की ओर से उनका सम्मान किया। उन्होंने खिलाड़ियों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें उपलब्धि के लिए बधाई दी। डीसी ने कहा कि इन बेटियों ने मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर अपने परिवार और गांव के साथ रोहतक जिले का गौरव बढ़ाया है। अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर उनकी सफलता जिले के लिए गर्व की बात है। डीसी ने कहा कि खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं। प्रवीण हुड्डा और दीपिका सहरावत की उपलब्धियां बताती हैं कि दृढ़ संकल्प, नियमित अभ्यास और मेहनत से बेटियां किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें जरूरी सहयोग उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहेगा। खिलाड़ियों के परिजनों ने सम्मान के लिए जिला प्रशासन का आभार जताया। उनका कहना था कि प्रशासन की ओर से उपलब्धियों को सम्मान मिलने से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ता है। ग्रामीणों ने भी दोनों खिलाड़ियों की सफलता पर खुशी जताई और कहा कि उनकी उपलब्धियां क्षेत्र की अन्य बेटियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी।





रोहतक। खिलाड़ी दीपिका सहरावत और गांव रूड़की की प्रवीण हुड्डा को सम्मानित करते डीसी सतबीर सिंह।

एशियन गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता किरण पहल का बाबा मस्तनाथ स्टेडियम में स्वागत



रोहतक। एशियन गेम्स में भारतीय महिला 4×400 मीटर रिले टीम के साथ स्वर्ण पदक जीतकर देश, हरियाणा और क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली धाविका किरण पहल का बाबा मस्तनाथ स्टेडियम, बोहर में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह का आयोजन बाबा मस्तनाथ खेल क्लब की ओर से किया गया। समारोह में किरण पहल के साथ उनके कोच आशीष छिकारा और बोहर की बेटी माही भी मौजूद रहीं। बाबा मस्तनाथ खेल क्लब की ओर से किरण पहल, कोच आशीष छिकारा और माही को फूल-मालाएं पहनाकर, स्मृति-चिह्न और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि किरण पहल ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाया है। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। कार्यक्रम में वार्ड नंबर-9 की पार्षद मनीषा, नांदल खाप प्रधान ओम प्रकाश नांदल, सचिव संजीत नांदल, आठगामा प्रधान बलराज नांदल, बाबा मस्तनाथ खेल क्लब के प्रधान विनोद नांदल सहित रूपेंद्र नांदल, राजपाल, संजय, रामऋषि, आजाद, धर्मबीर सिंह, चंद्रपाल, रणबीर, जस्से, सोमबीर, सूर्यदेव, सुभाष, अमित फौजी और धर्मबीर मौजूद रहे। मारुति कंपनी की ओर से संजय माथुर और जगदीप सिंह भी अपनी टीम के साथ समारोह में पहुंचे और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। क्लब पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए युवाओं और विशेषकर बेटियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय योगासन चैंपियनशिप में हरियाणा बना रनरअप



रोहतक। हरियाणा की ओवरऑल रनरअप टीम के साथ हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन के पदाधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

योग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान द्वारा जयपुर में आयोजित 51वीं सब-जूनियर एवं जूनियर नेशनल योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2026 में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आयु वर्गों एवं स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक हासिल किए। लगभग 1050 खिलाड़ियों की भागीदारी वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल रनर-अप का स्थान प्राप्त किया, जबकि पश्चिम बंगाल ओवरऑल चैंपियन रहा। प्रतियोगिता के समापन समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता एवं पदक विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण-पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

पदकों की लगाई झड़ी

इस अवसर पर योग फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन अशोक अग्रवाल, सीईओ इंदु अग्रवाल एवं जनरल सेक्रेटरी अभिनव जोशी सहित देशभर से आए योगासन खेल के पदाधिकारी, रेफरी, प्रशिक्षक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। हरियाणा स्टेट योगासन एसोसिएशन के मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ. जनक राज ने बताया कि ट्रेडिशनल योगासन स्पर्धा में 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए हर्षित ने कांस्य पदक हासिल किया। 16 से 18 वर्ष आयु वर्ग के लड़कों के ट्रेडिशनल इवेंट में भविष्य ने रजत पदक जीता, जबकि इसी आयु वर्ग की लड़कियों में भूमिका ने कांस्य पदक हासिल किया। 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग के आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए त्रिमन सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया और मात्र एक अंक के अंतर से कांस्य पदक से चूक गए। इसी आयु वर्ग की लड़कियों के आर्टिस्टिक सोलो में अंकिता ने कांस्य पदक हासिल किया।

न्यूज डायरी

कराटे में रिद्धि ने राज्य स्तर पर जीता रजत



रोहतक। सैनिक स्कूल सिंहपुरा रोहतक की होनहार छात्रा रिद्धि ने अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन करते हुए 25वीं राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में किया गया, जिसमें प्रदेशभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रिद्धि ने 40 किलोग्राम भार वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए अपने मुकाबलों में शानदार खेल कौशल, अनुशासन और जबरदस्त आत्मविश्वास का परिचय दिया। विद्यालय पहुंचने पर रिद्धि का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अशोक दलाल ने कहा कि रिद्धि की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि इससे पहले वह जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं।

बीएमयू में एरोसोल, वायु गुणवत्ता पर मंथन



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, अस्थल बोहर के भौतिकी एवं रसायन विभाग द्वारा सोमवार को 'उत्तर भारत में एरोसोल, वायु गुणवत्ता एवं जलवायु परिवर्तन' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी गंभीर चुनौतियों पर वैज्ञानिक विचार-विमर्श करना था। कार्यक्रम में हेमवती नंदन बहुगुणा विश्वविद्यालय (उत्तराखंड) के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आलोक सागर गौतम मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने एरोसोल के सूक्ष्म कणों के मानव स्वास्थ्य, कृषि और पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ने वाले प्रभावों को विस्तार से समझाया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। संगोष्ठी का संयोजन भौतिकी विभाग के प्रो. प्रवीण भट्ट, रसायन विभागाध्यक्ष डॉ. रवि कुमार राणा और सुनीता दहिया ने किया। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

स्पीड स्केटिंग में आर्यन ग्लोबल स्कूल का जलवा



रोहतक। गोहाना में आयोजित हरियाणा राज्य स्पीड स्केटिंग क्लस्टर क्लब स्तरीय प्रतियोगिता में द आर्यन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए। चौथी कक्षा के प्रिंस दांगी ने 500 मीटर स्पर्धा में रजत और 1000 मीटर में कांस्य पदक जीता। आठवीं कक्षा के हार्दिक दलाल और ग्यारहवीं कक्षा के दिव्यजोत ने 500 मीटर व 1000 मीटर दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए। इन मेधावी खिलाड़ियों का चयन अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य आर. के. खन्ना और डायरेक्टर सुनीता अहलावत ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर खुशी जताई। उन्होंने इसे बच्चों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम बताते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जाट कॉलेज विजेता



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की इंटर कॉलेज वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय, बादली में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जाट कॉलेज, रोहतक ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। यूटीडी, एमडीयू रोहतक की टीम उपविजेता रही, जबकि राजकीय महाविद्यालय, बिरोहड़ ने तीसरा स्थान हासिल किया। एमडीयू के खेल निदेशक कुलताज सिंह ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ के मार्गदर्शन में खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। विश्वविद्यालय में खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं, प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. आनंद कादयान और एमडीयू के सहायक खेल निदेशक डॉ. तेजपाल ने विजेता एवं अन्य टीमों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

सेल्फ केयर और हाइजीन पर किया जागरूक



रोहतक। श्री एल.एन. हिंदू कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला प्रकोष्ठ, यूओपी, एनएसएस सेल एवं विद्यार्थी कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए 'सेल्फ केयर एंड हाइजीन' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की। मुख्य वक्ता स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शीनी शर्मा ने कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वयं की देखभाल स्वस्थ एवं आत्मविश्वासपूर्ण जीवन का आधार है। उन्होंने छात्राओं को संतुलित आहार, पर्याप्त नींद और नियमित स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता, सैनिटरी उत्पादों के उचित उपयोग, समय पर उन्हें बदलने और संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक और छात्राएं मौजूद रहीं।

NOTICE

I, Bal Raj Singh S/o Sh. Pahalwan R/o H.No. 332/1, Ward No. 1, Hisar Road, Sainik Colony, Rohtak-124001, Haryana declare that henceforth, individual shall be known and identified by the name Balraj Singh for all purpose, including official, legal, educational, financial and personal records. That henceforth, all concerned authorities, departments, institutions and offices to record and recognize the name as Balraj Singh in place of Bal Raj Singh in the respective records.

NOTICE

I, Priyanka Rani D/o Sh. Balraj Singh and W/o Sh. Ashmer Singh R/o Arya Nagar, Ward No. 13, Gali No.-4, Balour Road, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar, Haryana declare that Priyanka and Priyanka Rani both are name of the one and same person i.e. myself. That I will be fully responsible if any disputes arise regarding my name in future.

7 राज्यों के 1200 खिलाड़ियों के बीच राष्ट्रीय फ्लोरबॉल चैंपियनशिप 9 से

रोहतक। देशभर के करीब 17 राज्यों के 1200 खिलाड़ी 9 से 11 अक्तूबर तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाली 20वीं राष्ट्रीय फ्लोरबॉल चैंपियनशिप-2026 में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में लड़के और लड़कियों के विभिन्न आयु वर्गों के मुकाबले होंगे। अंडर-17, जूनियर और सीनियर वर्ग में फेडरेशन कप के मुकाबले भी आयोजित किए जाएंगे। फ्लोरबॉल एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फोगाट ने बताया कि चैंपियनशिप की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। खिलाड़ियों के ठहरने, खेल मैदान, सुरक्षा, चिकित्सा और स्वागत सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। 9 को दोपहर 3 बजे खेल मंत्री गौरव गौतम प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के बाद हरियाणवी सांस्कृतिक संध्या होगी, जिसमें अमित सैनी रोहतकिया, गजेंद्र फोगाट, पूजा हुड्डा और प्रदीप बूरा सहित लोक कलाकार प्रस्तुति देंगे। 8 को शाम 4 बजे आयोजन स्थल पर प्रेस मीट होगी। इस दौरान फ्लोरबॉल का डेमो मैच कराया जाएगा तथा प्रतियोगिता का शेड्यूल, सोवेनियर और शुभंकर जारी किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्या के दौरान फ्लोरबॉल के थीम गीत की वीडियो भी जारी होगी। 10 को पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होकर विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान करेंगे। 11 को समापन समारोह में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी शामिल होंगी। उद्घाटन समारोह में भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान सुनील मलिक और एशियन चैंपियनशिप में शूटिंग में कांस्य पदक जीतने वाली आशिमा अहलावत सहित विभिन्न खेलों के अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी मौजूद रहेंगे।

महंत चांदनाथ की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज

रोहतक। बाबा मस्तनाथ मठ, अस्थल बोहर रोहतक में मठ के पूर्व कुलाधिपति एवं अलवर के पूर्व सांसद पूज्य महंत चांदनाथ महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर 7 अक्टूबर, को श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में श्रद्धालु एवं भक्तजन महंत चांदनाथ जी महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके आध्यात्मिक एवं सामाजिक योगदान को स्मरण करेंगे। कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे हवन एवं समाधि पूजा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सुबह 10 बजे गुरु महिमा सत्संग होगा, जिसमें संत-महात्मा गुरु महिमा और आध्यात्मिक जीवन के महत्व पर प्रकाश डालेंगे। सुबह 11 बजे श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। इसके उपरांत सुबह 11:30 बजे बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के मेन ऑडिटोरियम में नव छात्र स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए जारी निमंत्रण में बाबा मस्तनाथ मठ के महंत बालकनाथ योगी ने समस्त भक्तजनों से श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पूज्य महंत चांदनाथ जी महाराज ने आध्यात्मिक क्षेत्र के साथ-साथ शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

जीडी इंटरनेशनल स्कूल का फेंसिंग में शानदार प्रदर्शन



रोहतक। शहर के प्रतिष्ठित जी.डी. गोयनका इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने फेंसिंग (तलवारबाजी) प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों ने सीबीएसई और एसजीएफआई दोनों मंचों पर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया है। एसजीएफआई टीम ईपी इवेंट में प्रतिज्ञा, तिस्या और वंशिका की तिकड़ी ने बेहतरीन दांव-पेंच दिखाते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं, लड़कों के वर्ग में भव्य और तलिन की टीम ने भी टीम ईपी इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। सबसे आकर्षण का केंद्र स्कूल की होनहार खिलाड़ी वंशिका रहीं, जिन्होंने इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) मुकाबलों में दोहरा पदक जीतकर अनूठी उपलब्धि हासिल की। वंशिका ने सीबीएसई फेंसिंग प्रतियोगिता के ईपी इंडिविजुअल इवेंट में कांस्य पदक जीता और इसके बाद एसजीएफआई में भी इसी इवेंट में कांस्य पदक हासिल कर नेशनल प्रतियोगिता के लिए अपना चयन पक्का किया। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. मनीषा मायना और मुख्याध्यापिका सविता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

सीबीएसई राष्ट्रीय लॉन टेनिस चैंपियनशिप में तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले, आज से अगले दौर की शुरुआत

हेम देव और अंशुल पुजारी ने अगले दौर में बनाई जगह

लीग चरण खत्म, अब नॉकआउट की बारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दयावती मोदी अकादमी, रोहतक (पूर्व नाम द स्टार ग्लोबल स्कूल) में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय लॉन टेनिस चैम्पियनशिप 2026-27 के तीसरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। देश-विदेश से पहुंचे युवा प्रतिभागियों के बीच हुए मुकाबले बेहद प्रतिस्पर्धात्मक और रोमांचक रहे। प्रतियोगिता के दौरान अंडर-17 बालक वर्ग में वेलामल इंटरनेशनल स्कूल (साउथ ज़ोन-2) के खिलाड़ी हेम देव ने उत्कृष्ट खेल का मुज़ाहिरा करते हुए जेएसएस प्राइवेट स्कूल, दुबई के खिलाड़ी को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया।



अंडर-17 बालिका वर्ग में एमएम स्कूल, वाग्देव्यस स्कूल (बेंगलुरु), डीपीएस तेलंगाना तथा डीएवी गुरुग्राम की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉकआउट चरण के लिए पक्की दावेदारी पेश की। एक अन्य रोमांचक मुकाबले में पीआई सिटी, पटना के अंशुल पुजारी ने फार ईस्ट जोन के खिलाड़ी धृतिस्मान रॉय को हराकर अगले चरण में अपनी जगह मजबूत की। दिनभर चले विभिन्न आयु वर्ग के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उच्च स्तरीय खेल भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता के लीग चरण के मुकाबले अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुके हैं। आयोजकों के अनुसार बुधवार से प्रतियोगिता के नॉकआउट मुकाबलों की शुरुआत होगी, जिससे कोर्ट पर रोमांच और अधिक बढ़ने की उम्मीद है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रोहतक शहर के लिए यह बड़े गर्व की बात है कि देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ दुबई जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी यहां अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरी खेल भावना के साथ मैदान पर उतरने का आह्वान किया और विश्वास दिलाया कि आगामी नॉकआउट मुकाबले खेलप्रेमियों को उत्कृष्ट टेनिस देखने का अभूतपूर्व अवसर प्रदान करेंगे।

Govt. Regd.
WINTRON LIBRARY
...peaceful place to win your dreams
FACILITIES
- Peaceful with strict disciplined & Motivational environment
- Situated in Sec-14 in front of MDU Gate No. 2
- Best Lighting for study
- Separate Seats for Girls
- Employment Newspaper
- Well furnished & Fully A.C.
- Free Wi-Fi Zone
- 24x7 power backup
- Parking Facility
- CCTV Surveillance
- Reserve Seats Available
- Fix Seats Available
- Seats with Computer Facility available

Address: SCO-6, Sector-14, Rohtak
Contact: 8930246662

SHRI GORAKH CYBER CAFE
Online Services | CSC | Print | Scan | Photocopy
CSC & जनसेवा केन्द्र
CSC ID: 464546120011
आवश्यकता है
COMPUTER OPERATOR
(MALE/FEMALE)
पद: Computer Operator (M/F)
योग्यता: Basic Computer Knowledge
समय: Full Time स्थान: Rohtak
संपर्क: 9812515432
Shri Gorakh Cyber Cafe Janta Colony, Rohtak

भगवतीपुर से सुंडाना तक हर गांव की ड्रोन से होगी निगरानी

पिछली बार इन्हीं 12 गांवों में सबसे अधिक जली थी पराली, किसानों को दंड के बजाय तकनीकी संसाधन दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान दिल्ली के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. वीरेंद्र सिंह लाठर ने कहा कि पराली जलाने की समस्या का स्थायी और पर्यावरण हितैषी समाधान इसे खेत में ही समाविष्ट कर जैविक खाद में बदलना है। इसके लिए कम्बाइन हार्वेस्टर पर सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम की अनिवार्यता सख्ती से लागू की जानी चाहिए। जिले में पिछली फसलों के दौरान पराली जलाने की घटनाओं वाले 12 गांवों को येलो जोन में रखा गया है। इन गांवों में इस बार ड्रोन से खेतों की निगरानी की जाएगी। इधर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने पिछले वर्षों में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं के आधार पर येलो


फोटो : एआई

जोन के गांवों की सूची तैयार की है। इसमें भगवतीपुर, खरक चंडूकला (चिड़ी), रिठाल फोगाट, हसनगढ़, इस्माईला-11 बी, बहलबा, फरमाना बादशाहपुर, मोखरा खेड़ी खास, बैंसी, निंदाना, पटवापुर और सुंडाना शामिल हैं। इन गांवों में फसल कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेष जलाए जाने की घटनाएं सामने आई थी

पराली करीब 45 दिन में जैविक खाद में बदल सकती है

डॉ. लाठर के अनुसार धान की कटाई के बाद कम समय में बड़ी मात्रा में पराली निकलती है। इसे खेत से दूर उद्योगों तक ले जाना, बंडल बनाना, भंडारण करना और फिर निपटाना तकनीकी रूप से महंगा और अव्यावहारिक है। इसके बजाय सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम से लैस कम्बाइन हार्वेस्टर पराली को छोटे टुकड़ों में काटकर खेत में बिखेर देता है। इसके बाद प्रति एकड़ करीब 30 किलो यूरिया का छिड़काव कर मोल्ड बोर्ड हल या हैरो से गहरी जुताई करने पर पराली करीब 45 दिन में जैविक खाद में बदल सकती है। ड्रोन निगरानी से येलो जोन में शामिल गांवों के खेतों पर विशेष नजर रखी जाएगी। सैटेलाइट के जरिए पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी पहले से की जा रही है। अब ड्रोन के माध्यम से खेत स्तर पर भी नजर रखने की व्यवस्था की जाएगी। आग लगने की सूचना मिलने पर संबंधित टीमें मौके पर पहुंचकर घटना की पुष्टि और आवश्यक कार्रवाई कर सकेंगी।

खेत में पराली प्रबंधन को बढ़ावा देने की जरूरत



पराली प्रबंधन पर खर्च के बावजूद वायु प्रदूषण की समस्या बनी हुई है। सरकार को दूर-दराज परिवहन के बजाय खेत में ही पराली प्रबंधन को बढ़ावा देना चाहिए। किसानों को दंडित करने के बजाय तकनीकी संसाधन और प्रोत्साहन देने से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। हरियाणा-पंजाब में 2018 के आदेश के अनुसार कम्बाइन हार्वेस्टर पर सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम अनिवार्य करने की मांग की। प्रभावी निगरानी से पराली दहन रोका जा सकता है।

-डॉ. वीरेंद्र सिंह लाठर, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान दिल्ली के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक

न्यूज डायरी



एमडीयू में भर्ती, फीस वृद्धि रोकने की मांग

रोहतक। एमडीयू में खाली टीचिंग व नॉन-टीचिंग पदों पर स्थायी भर्ती और सालाना 10 प्रतिशत फीस वृद्धि रोकने की मांग को लेकर एसएफआई ने मंगलवार को विवेकानंद लाइब्रेरी लॉन में हस्ताक्षर अभियान चलाया। एसएफआई नेताओं ने कहा कि कई विभागों में शिक्षकों की कमी से शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो रहा है। अभियान में सैकड़ों छात्रों ने हिस्सा लिया। मांगें पूरी न होने पर 'एमडीयू बचाओ' अभियान के तहत आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।



प्रोफेसर की बहाली पर छात्रों का हंगामा

रोहतक। एमडीयू में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर को हाईकोर्ट के आदेश पर पुनर्नियुक्ति मिलने के विरोध में संयुक्त छात्र संघर्ष समिति के बैनर तले छात्रों ने कुलपति कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया। छात्रों ने कहा कि प्रोफेसर पर लगे आरोपों की जांच लंबित है, ऐसे में उन्हें विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी नहीं दी जानी चाहिए। छात्रों ने जांच पूरी होने तक विभागाध्यक्ष पद से दूर रखने की मांग की।



पठानिया स्कूल में एविएशन वर्कशॉप

रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में एविएशन वर्कशॉप आयोजित की गई। एयर इंडिया एक्सप्रेस के पायलट व एप्पलटन एविएशन अकादमी के निदेशक कैप्टन नकुल ने विद्यार्थियों को पायलट ट्रेनिंग, प्रैक्टिकल प्रशिक्षण और एविएशन सेक्टर में करियर की संभावनाओं की जानकारी दी। इंटरैक्टिव सत्र में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को करियर की सही दिशा देने में मददगार हैं। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अंशुल पठानिया, को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा और अकादमिक कोऑर्डिनेटर अलोक हुड्डा उपस्थित रहे।



कंडम स्कूल भवन की नीलामी पर सवाल

रोहतक। गांव डोभ स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के कंडम भवन की नीलामी में नियमों की अनदेखी और अपारदर्शिता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने अतिरिक्त उपायुक्त को अनुस्मारक भेजा। सत्यवान, सुरेश व परमजीत ने नीलामी प्रक्रिया की जांच कर इसे रद्द करने और दोबारा नीलामी कराने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि नीलामी का पर्याप्त प्रचार नहीं किया गया और पंचायत सदस्यों को भी सूचना नहीं दी गई। उन्होंने नीलामी में भवन की कीमत कम लगाए जाने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।



दवा के दुष्प्रभाव को नजरअंदाज न करें

रोहतक। दवा लेने के बाद शरीर में नई समस्या या बीमारी के लक्षण दिखें तो तुरंत चिकित्सक को जानकारी दें। दुष्प्रभाव की सूचना एडवर्स ड्रग रिएक्शन सेंटर के टोल फ्री नंबर 1800 180 3024 पर भी दी जा सकती है। यह बात पीजीआईएमएस फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति कौशल ने फार्माकोविजिलेंस सप्ताह के समापन समारोह में कही। उन्होंने कहा कि समय पर रिपोर्टिंग से दवाओं के सुरक्षित उपयोग में मदद मिलती है। समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।



महिला कॉलेज में वन्यजीव सप्ताह समारोह

रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा में वन्यजीव सप्ताह के तहत पौधारोपण अभियान और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जूलॉजी, शारीरिक शिक्षा विभाग व सोशल आउटरीच कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में छात्राओं को जैव विविधता, पेड़ों और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। प्रश्नोत्तरी में दीपाली, श्वेता व इशिका की टीम प्रथम रही। प्राचार्या इंदु सपरा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

छात्रों को दी साइबर ठगी से बचाव की जानकारी



रोहतक। जिला पुलिस ने बहुअकबरपुर के गारमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को साइबर ठगी से बचाव के प्रति जागरूक किया। पुलिस ने बताया कि ठगी होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत करें। मोबाइल नंबर, चैट, स्क्रीनशॉट, ट्रांजेक्शन आईडी और बैंक स्टेटमेंट जैसे साक्ष्य सुरक्षित रखें। समय पर शिकायत से रकम को आगे ट्रांसफर होने से रोकने और रिकवरी के प्रयास में मदद मिल सकती है।

छोटी चीजों ने खोले अपराधियों के बड़े राज

जूते, हेलमेट, बिल और पेट्रोल पंप की पर्ची बनी जांच की अहम कड़ी



रोहतक। धरना देतीं नर्सिंग एसोसिएशन को सदस्य।

- सीसीटीवी फुटेज के साथ ई-रिक्शा रूट और कपड़ों से मजबूत किए सबूत
- नौ माह में 139 मामलों में अलग-अलग सुरागों को जोड़कर पुलिस ने सुलझाई वारदातों की कड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अपराधी अक्सर वारदात के बाद मौके से ऐसा कोई निशान नहीं छोड़ना चाहता, जिससे उसकी पहचान हो सके। चेहरा ढक लिया, वाहन बदल लिया और रास्ता भी ऐसा चुना जहां कैमरे कम हों, लेकिन जांच में सामने आया कि अपराध के बाद भी कई ऐसे सुराग पीछे छूट जाते हैं, जिन पर अपराधी का ध्यान ही नहीं जाता। रोहतक पुलिस ने पिछले नौ महीनों में ऐसे ही छोटे-छोटे सुरागों को जोड़कर 139 मामलों में आरोपियों तक पहुंच बनाई। कहीं घटनास्थल पर मिले जूते के सोल का निशान जांच की शुरुआत बना तो कहीं हेलमेट ने चेहरा छिपाने के बावजूद आरोपी के वाहन और उसकी पहचान का रास्ता खोल दिया। किसी मामले में पेट्रोल पंप की पर्ची से वारदात के बाद की गतिविधियां जुड़ीं तो किसी में दुकान की छोटी सी बिल स्लिप ने संदिग्ध की मौजूदगी का समय बता दिया। जांच का तरीका केवल एक सुराग पर निर्भर नहीं रहा। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, घटनास्थल से मिले सामान, खरीदारी के रिकॉर्ड, आवाजाही और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों को आपस में मिलाकर संदिग्धों की पहचान को पुख्ता किया। यही छोटी-छोटी कड़ियां कई मामलों में अपराधी तक पहुंचने का जरिया बनीं।

सिटी अलर्ट

13 मामलों में चेहरा साफ दिखाई नहीं दिया

13 मामलों में सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों का चेहरा साफ दिखाई नहीं दिया। इसके बावजूद पुलिस ने हेलमेट के रंग, डिजाइन और उसकी बनावट के साथ वाहन की पहचान पर काम किया। अलग-अलग कैमरों से मिली फुटेज को जोड़ने पर संदिग्ध की गतिविधियों का रास्ता सामने आया और जांच आगे बढ़ी।

सीसीटीवी फुटेज ने निभाई अहम भूमिका

16 मामलों में वारदात के बाद आरोपियों ने जिन पेट्रोल पंपों से वाहनों में ईंधन भरवाया, वहां का रिकॉर्ड पुलिस जांच में अहम कड़ी साबित हुआ। पेट्रोल पंप की पर्ची से ईंधन भरवाने का समय और वाहन की जानकारी मिली, जबकि सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की गतिविधियों की पुष्टि करने में मदद मिली। दोनों साक्ष्यों को आपस में मिलाने पर वारदात के बाद आरोपी की मूवमेंट, दिशा और समय का पता लगाने में पुलिस को मदद मिली। इससे जांच टीम ने घटनास्थल से आरोपी तक पहुंचने वाली कड़ी को और मजबूत किया।

20 मामलों में स्लिप पुलिस के काम आई

20 मामलों में अपराध से पहले या बाद में की गई खरीदारी से जुड़ी बिल और स्लिप पुलिस जांच में अहम साबित हुईं। बिल पर दर्ज समय और दुकान के स्थान से संदिग्ध की उस समय की मौजूदगी वाले इलाके का पता लगाने में मदद मिली। पुलिस ने खरीदारी के रिकॉर्ड को सीसीटीवी फुटेज और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों से मिलाकर देखा। इससे संदिग्ध की गतिविधियों और वारदात के समय के बीच संबंध जोड़ने में मदद मिली। छोटी-सी बिल स्लिप से मिली जानकारी ने कई मामलों में जांच को आगे बढ़ाने और आरोपी तक पहुंचने की कड़ी मजबूत की।

अनजान बने गवाह

15 मामलों में आरोपी वारदात के बाद ई-रिक्शा से फरार हुए। चालकों से मिली सवारी के स्थान और उतरने की जानकारी को रूट व समय से मिलाकर पुलिस ने आरोपियों की गतिविधियों की दिशा का पता लगाया।

डिजिटल साक्ष्यों से सफलता

11 मामलों में मिले चार्जर और इलेक्ट्रॉनिक सामान की तकनीकी पहचान को मोबाइल मॉडल व डिजिटल साक्ष्यों से मिलाकर पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई। मामूली वस्तुओं से संदिग्ध तक पहुंचने की कड़ी मजबूत हुई।

कपड़ों से लगा सुराग

35 मामलों में चेहरा स्पष्ट नहीं होने के बावजूद शर्ट, जैकेट, पैंट और जूतों की पहचान से संदिग्धों को जोड़ने में मदद मिली। अलग-अलग कैमरों में कपड़ों के पैटर्न का मिलान कर पुलिस ने पहचान मजबूत की।

अलग-अलग सुराग जुड़े तो सामने आई पूरी तस्वीर

29 मामलों में जूते, हेलमेट, बिल, पेट्रोल पंप रिकॉर्ड, ई-रिक्शा रूट और सीसीटीवी फुटेज को आपस में जोड़कर जांच की गई। छोटी-छोटी कड़ियां जुड़ने से आरोपियों की गतिविधियों का पता चला और पुलिस आरोपी तक पहुंची।

चार मांगों पर सहमति के बाद नर्सिंग एसोसिएशन ने हड़ताल स्थगित की

रोहतक। नर्सिंग कैडर पर एमओटीपी लागू नहीं करने और वाशिंग अलाउंस सहित विभिन्न मांगों को लेकर स्वास्थ्य संस्थानों में चल रही दो घंटे की हड़ताल को नर्सिंग एसोसिएशन ने फिलहाल स्थगित कर दिया है। मंगलवार को एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल की स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा और डीजीएचएस डॉ. मनीष बंसल के साथ बैठक हुई। बैठक में नर्सिंग कैडर की विभिन्न मांगों पर विचार किया गया। एसोसिएशन की राज्य प्रधान विनीता बांगड़, राज्य कोषाध्यक्ष सुमन कुंडू और राज्य संयुक्त सचिव संतोष शर्मा सहित प्रतिनिधियों ने अपनी मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं। बैठक में नर्सिंग कैडर पर एमओटीपी लागू नहीं करने और मेवात व पलवल भत्ता देने पर सहमति बनी। मेवात और पलवल में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर्स को नई भर्ती के बाद उनके गृह जिलों में स्थानांतरित करने पर भी सहमति जताई गई। वहीं पिछले वर्ष से बंद यूनिफॉर्म अलाउंस को बकाया सहित जल्द जारी करने पर भी सहमति बनी।

तीन दिन पहले उखाड़ी गली नहीं बनी, दुकानदारों का काम ठप

मॉडल टाउन स्थित बालाजी वाली गली में अधूरा पड़ा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मॉडल टाउन स्थित बालाजी वाली सीमेंट की गली को नगर निगम की ओर से करीब तीन दिन पहले उखाड़ दिया गया, लेकिन अभी तक सड़क के दोबारा निर्माण का काम शुरू नहीं किया गया है। सड़क को उखाड़कर पत्थर बीच में ही छोड़ दिए जाने से यहां कारोबार करने वाले सैकड़ों दुकानदारों के सामने परेशानी खड़ी हो गई है। सड़क के बीच जगह-जगह पत्थर और निर्माण सामग्री पड़ी होने के कारण पैदल चलने तक के लिए पर्याप्त रास्ता नहीं बचा है। वहीं, वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि त्योहारों का सीजन नजदीक है और इन दिनों बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे समय में गली को उखाड़कर छोड़ दिए जाने से दुकानों तक ग्राहक पहुंच नहीं पा रहे हैं। कई दुकानदारों का कहना है कि सड़क की स्थिति के कारण उनका रोजाना का काम प्रभावित हो रहा है और कारोबार पर सीधा असर पड़ रहा है।



सड़क के बीच पत्थरों से परेशानी

स्थानीय दुकानदारों के अनुसार गली को उखाड़ने के बाद नगर निगम ने जल्द निर्माण कराने की बात कही थी, लेकिन तीन दिन बाद भी काम शुरू नहीं हुआ। सड़क के बीच पड़े पत्थरों और उखड़े हिस्से के कारण राहगीरों को परेशानी हो रही है। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक दिक्कत उठानी पड़ रही है। दुकानदारों का कहना है कि जल्द निर्माण नहीं शुरू किया गया तो निगम का घेराव किया जाएगा।

एडीसी ने स्कूल में किया बच्चों का स्पॉट असेसमेंट



रोहतक। निपुण हरियाणा मिशन के तहत अतिरिक्त उपायुक्त एवं डीपीआईयू अध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय, बी. मंडी का औचक दौरा किया। उन्होंने 'स्कूल सपोर्ट प्रोग्राम' की प्रगति का जायजा लिया और कक्षा में जाकर विद्यार्थियों का स्पॉट असेसमेंट किया। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के आंकड़ों और कक्षा की वास्तविक स्थिति में समानता होनी चाहिए। दौरे के बाद एसपीआईयू व जिला परियोजना कार्यान्वयन इकाई के सदस्यों के साथ आंकड़ों की समीक्षा की गई। इस दौरान बच्चों को अतिरिक्त उपचारात्मक सहयोग की जरूरत वाले क्षेत्रों की पहचान की गई। एडीसी ने आगामी डीपीआईयू बैठक में आंकड़े प्रस्तुत कर अक्टूबर की परिणाम आधारित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

एमडीयू के वाणिज्य विभाग में प्रोजेक्ट फेलो के लिए वॉक-इन इंटरव्यू 22 को

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के वाणिज्य विभाग में हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल की शोध परियोजना के तहत एक प्रोजेक्ट फेलो की नियुक्ति के लिए वॉक-इन इंटरव्यू 22 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे वाणिज्य विभाग में आयोजित किया जायेगा। प्रधान अन्वेषक प्रो. सीमा राठी ने बताया कि परियोजना का विषय हरियाणा में पशुधन प्रबंधन संबंधी मुद्दे और ग्रामीण आबादी की आर्थिक, सामाजिक एवं स्वास्थ्य स्थिति पर इसका प्रभाव है। अभ्यर्थी के पास न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ एम.कॉम. की डिग्री होना जरूरी है। चयनित फेलो को छह माह तक 25 हजार रुपए प्रतिमाह फेलोशिप मिलेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपना विस्तृत सीवी, शोध अनुभव और संपर्क विवरण सहित 22 अक्टूबर तक प्रधान अन्वेषक प्रो. सीमा राठी को ई-मेल कर सकते हैं। इंटरव्यू के समय मूल दस्तावेजों के साथ एक सेट स्वप्रमाणित प्रतियां लाना अनिवार्य है। पद परियोजना की अवधि तक ही मान्य रहेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

10 अक्टूबर से पुरानी आईटीआई मैदान में होगा रामलीला मंचन

हनुमान ध्वजा फहराकर की गई तैयारियों की शुरूआत

हैंगर टेंट में होगी भव्य रामलीला, 10 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रामलीला उत्सव कमेटी की ओर से पुरानी आईटीआई मैदान में 10 अक्टूबर से भव्य रामलीला का मंचन शुरू किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों की शुरुआत मंगलवार को हनुमान ध्वजा फहराकर की गई। एलपीएस बोसार्ड के एमडी एवं कमेटी के संरक्षक समाजसेवी राजेश जैन ने साधु-संतों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज, 1008 कालीदास कृष्णानंद परमहंस महाराज, महामंडलेश्वर राघवेंद्र भारती और महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद महाराज सहित कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।



राजेश जैन ने बताया कि रामलीला का आयोजन हर वर्ष भव्य स्तर पर किया जाता है और इसमें हजारों लोग परिवार सहित पहुंचते हैं। इस बार बारिश की संभावना को देखते हुए पंडाल को वाटरप्रूफ बनाया गया है। दर्शकों की सुरक्षा के लिए भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने शहरवासियों से परिवार सहित रामलीला देखने पहुंचने का आह्वान किया। रामलीला उत्सव कमेटी के मीडिया प्रवक्ता राजीव जैन ने बताया कि मंच पर हनुमान जी की ध्वजा स्थापित करते समय जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में लड्डू वितरित किए गए। पूरे परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए हैं। आयोजकों के अनुसार हरियाणा में पहली बार हैंगर टेंट में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। दर्शकों के बैठने के लिए करीब 10 हजार कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। बच्चों के लिए मुंबई और दिल्ली से झूले मंगवाए गए हैं। रामलीला कलाकार रोहतक पहुंच चुके हैं और बुधवार से रिहर्सल शुरू करेंगे। इस बार रामलीला का मंच चारधाम की थीम पर तैयार किया गया है। स्वागत द्वार को बद्रीनाथ धाम का स्वरूप दिया गया है। जबकि तीन मंचों को गंगोत्री, यमुनोत्री और केदारनाथ की थीम पर सजाया गया है।